भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : 351*

जिसका उत्तर 17 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

कोयले की आपूर्ति

***351. श्री जी॰ सेल्वमः**

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को तमिलनाडु राज्य सरकार से ताप विद्युत स्टेशनों के लिये कोयले की आपूर्ति बढ़ाने हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार द्वारा कोयले का पर्याप्त भंडार बनाने हेतु टी॰ए॰एन॰जी॰ई॰डी॰सी॰ओ॰ (टैनगेडको) को और अधिक रेकों की आपूर्ति करने का निर्णय किया गया है अथवा आपूर्ति किये जाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या करण हैं; और

(ङ) तमिलनाडु को विगत वर्ष के दौरान आवंटित किये गये कोयला ब्लॉकों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री</u>

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (ड़) तकः विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'कोयले की आपूर्ति' के संबंध में श्री जी सेल्वम द्वारा दिनांक 17.7.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 351 के भाग (क) से (ड़) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:

(क) से (घ): तमिलनाडु सरकार ने तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड (टीएएनजीईडीसीओ) के ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) को कोयले के प्रेषण में 72,000 टन प्रतिदिन तक की वृद्धि करने का अनुरोध किया है। वर्ष 2018-19 में टीएएनजीईडीसीओ के टीपीपी को कोयले की आपूर्ति 15.44 मि.ट. रही है जो 2017-18 में कोयले की आपूर्ति की तुलना में 12% अधिक है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की दिनांक 14.07.2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीएएनजीईडीसीओ के टीपीपी का कोयले की दैनिक आवश्यकता 53,510 टन है।

सीईए की दिनांक 14.07.2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीएएनजीईडीसीओ के टीपीपी के कोयला भंडार की स्थिति इस प्रकार हैः-

टीपीपी का नाम	**कोयला भंडार**	
	(000 टन में)	**(दिनों में)**
मेटर टीपीएस	109.23	8
मेटर टीपीएस-II	65.72	9
नॉर्थ चेन्नई टीपीएस	106.84	6
तुतीकोरिन टीपीएस	147.06	10

(ड़): वर्ष 2018-19 में तमिलनाडु को कोई कोयला ब्लॉक आबंटित नहीं किया गया है।

****